<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 11.07.2021

फर्जी दस्तावेज के आधार पर पंजीकृत कराई गई एम्बुलेंस प्रकरण में 25000/-इनामिया अभियुक्त अली मोहम्मद जाफरी उर्फ शाहिद को किया गया गिरफ्तार

फर्जी दस्तावेज के आधार पर पंजीकृत कराई गई एम्बुलेंस प्रकरण के सम्बन्ध में दिनांक 02.04.2021 को थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 369/21 धारा 419/420/467/468/471/120बी/177/506 भादवि0 व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में दिनांक 10.07.2021 को कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 25000/- रूपये के इनामिया अभियुक्त अली मोहम्मद जाफरी उर्फ शाहिद पुत्र आन मोहम्मद जाफरी निवासी-122 कॉटेज सिपह थाना कोतवाली नगर जनपद जौनपुर हाल पता- 194/79/17 लारी हाता कालोनी अली का कटरा थाना वजीरगंज जनपद लखनऊ को मयूर विहार कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी से गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में अभियुक्तगण 1. अल्का राय, 2. राजनाथ यादव, 3. आनन्द यादव, 4. शेषनाथ 5. मो0 शोएब मुजाहिद 6. सलीम को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस टीम द्वारा शेष अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।